pan>

Title Setting up of a Centre of National Institute of Electronics and Information Technology in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar-Laid

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा, बिहार में कंप्यूटर इन्फार्मेशन तकनीकी या इलेक्ट्रोनिक्स के क्षेत्र में युवाओं/युवतियों को फाउंडेशन कोर्स, डिप्लोमा एवं एडवांस डिप्लोमा कोर्स तथा इस क्षेत्र में उच्च स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण देने वाली कोई संस्था नहीं है। ऐसी संस्थाओं के अभाव में हमारे संसदीय क्षेत्र के वैसे छात्र-छात्राओं को जिनकी रूचि कंप्यूटर इन्फार्मेशन तकनीकी या इलेक्ट्रोनिक्स के क्षेत्र में है, उन्हें शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए बाहर जाना पड़ता है। इस क्षेत्र में शिक्षण प्रशिक्षण के लिए हमारे संसदीय क्षेत्र से प्रत्येक वर्ष हजारों-हजार की संख्या में छात्र-छात्रायें अन्यत्र दूरदराज के क्षेत्रों में जाते हैं। इस परिस्थिति में शिक्षण-प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं/युवतियों को अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही अत्यधिक आर्थिक खर्च का बोझ भी उठाना पड़ता है। इसलिए मेरे संसदीय क्षेत्र में भारत सरकार के इलेक्ट्रोनिक्स एंड इन्फार्मेशन तकनिकी मंत्रालय के अधीन कार्यरत संस्था, नेशनल इंस्टीट्युट ऑफ़ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इन्फार्मेशन तकनीकी (नाइलिट) के सेंटर की स्थापना करना बहुत जरुरी है। अत: मैं इलेक्ट्रोनिक्स एंड इन्फार्मेशन Technology मंत्री से अनुरोध करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र महराजगंज, बिहार में एक नाइलिट सेंटर स्थापित कराया जाये।